आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 02.05.2026 समय – 07.10PM

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल करेंगे–इन्दौर–पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के प्रथम चरण का भूमि–पूजन।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विदिशा में गेहूं खरीदी कार्यो की समीक्षा की।
- केन्द्र सरकार ने नागरिकों को आपदा की तत्काल सूचना देने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम किया शुरू।
- मौसम विभाग ने ग्वालियर, रीवा, सागर, शहडोल और जबलपुर संभाग के कई जिलों में आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया ।

भूमिपूजन

प्रदेश में अधोसंरचना और उद्योगों के समन्वित विस्तार के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इन्दौर के ग्राम नैनोद में इन्दौर– पीथमपुर इकोनामिक कॉरिडोर के प्रथम चरण का भूमिपूजन करेंगे। लगभग 20 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर की लागत राशि 2 हजार 360 करोड रूपये होगी। इस कॉरिडोर के माध्यम से पीथमपुर निवेश क्षेत्र, लॉजिस्टिक हब, टेक्सटाइल और मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों को एकीकृत कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। इससे उत्पादन और वितरण तंत्र अधिक प्रभावी बनेगा और उद्योगों के लिए संचालन की प्रक्रिया सरल होगी। यह परियोजना प्रदेश में निवेश प्रवाह को सुदृढ़ करने और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

सरकारी अलर्ट सिस्टम

केन्द्र सरकार ने स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए नागरिकों को आपदा की तत्काल सूचना देने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम शुरू किया है। इस प्रणाली का परीक्षण करने के लिए आज दोपहर करीब 12 बजे नागरिकों के मोबाइल पर सायरन के साथ एक सूचना भेजी गई। परीक्षण के दौरान संदेश में लिखा था – सतर्क नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र। यह संदेश परीक्षण के लिए है, इसलिए जनता को इस पर प्रतिक्रिया देने की कोई आवश्यकता नहीं है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इस संदेश से नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

शिवराज–गेहूं खरीदी

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विदिशा में गेहूं खरीदी कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसानों को गेहूँ बेचने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

सरकार–पश्चिम एशिया वार्ता

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच, घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि कल ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग में 99 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि ओटीपी आधारित डिलीवरी 94 प्रतिशत से अधिक हो गई है। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए कल देशभर में 1,700 से अधिक छापे मारे गए।

प्रसार भारती अध्यक्ष

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को भारत के लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री जोशी अपने लोकप्रिय फिल्मी गीतों और विज्ञापनों के लिए देश भर

में जाने जाते हैं। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रसार भारती नई ऊर्जा, उद्देश्य और रचनात्मक शैली के साथ कार्य करेगा। श्री प्रसून जोशी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

राष्ट्रीय सेमिनार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार "इनोवेशन्स इन ग्रीन बिल्डिंग प्रेक्टिसेस" में शामिल हुए। सेमिनार में निर्माण क्षेत्र में कार्बन फुटप्रिंट कम करने के प्रभावी उपायों पर विस्तार से चर्चा के साथ ही आधुनिक तकनीकों जैसे 3 डी प्रिंटिंग, स्मार्ट ग्लास और पुनर्नवीनीकरण सामग्री के उपयोग पर भी विशेषज्ञों द्वारा मंथन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी प्रकार के निर्माण कार्यों के साथ जल संरचनाओं के संरक्षण और प्रबंधन पर भी कार्य कर रही है, जिसमें मध्यप्रदेश, देश भर में सबसे आगे है ।

दूरदर्शन केंद्र

दूरदर्शन केंद्र भोपाल की प्रादेशिक समाचार एकांश ने उर्दू कैजुअल असाइनी के पैनल में शामिल होने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह भर्ती सीजी ऑपरेटर, न्यूज रीडर और कॉपी एडिटर पदों के लिए की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए प्रसार भारती की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

जबलपुर—हादसा

प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में गुरुवार शाम पर्यटन विभाग का एक क्रूज तेज आंधी की चपेट में आकर डूब गया था। इस हादसे में अब तक 9 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि 29 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। लेकिन अभी भी तीन बच्चों सहित 4 लोग लापता हैं। प्रशासन ने मामले को लेकर जांच के आदेश दिए हैं और कई कर्मियों पर कार्रवाई की गई है।

शूटिंग चैंपियनशिप

भोपाल स्थित राज्य शूटिंग अकादमी में 24वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप आज से आयोजित की जा रही है। आगामी 15 मई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से 3000 से अधिक खिलाड़ी भाग लें रहे हैं। प्रतियोगिता में 42 राज्यों, सेना एवं अर्धसैनिक बलों के बालक—बालिकाएं, महिला एवं पुरुष खिलाड़ी 10 मीटर एयर राइफल एवं 50 मीटर राइफल स्पर्धाओं के यूथ, जूनियर एवं सीनियर वर्गों में भाग ले रहे हैं।

मौसम

प्रदेश में तेज गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। पिछले दो दिनों से प्रदेश के आधे से अधिक हिस्सों में आंधी, बारिश और कहीं—कहीं ओलावृष्टि देखने को मिल रही है। पिछले 24 घंटो के दौरान शहडोल, चंबल, जबलपुर और सागर संभागों के जिलों में कहीं कहीं बारिश दर्ज़ की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ग्वालियर,रीवा,सागर,शहडोल और जबलपुर संभाग के कई जिलों में आंधी—बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

कुछ समाचार संक्षेप में :—

- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के तहत Wash on Wheels कार्यक्रम में स्वच्छता साथियों का एक दिन का प्रशिक्षण जिला पंचायत झाबुआ के नए सभाकक्ष में हुआ।

- जिला स्तरीय 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' का आयोजन जनसुनवाई कक्ष, कलेक्ट्रेट गुना में वातावरण में किया गया।
- आगरमालवा में स्टार्टअप्स विषय पर आयोजित किये गये व्याख्यान में मार्केटिंग रणनीतियों पर उपयोगी जानकारी देते हुए स्टार्टअप शुरू करने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई।
- एकीकृत बाल विकास परियोजना बैतूल शहरी के समस्त केंद्रों में 2 मई को लाड़ली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिका सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना और लाभों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा।
- शहडोल जिले में जनगणना 2027 का पहला चरण शुक्रवार से शुरु हो चुका है। प्रगणक घर—घर पहुंचकर मकानों का सूचीकरण कर रहे हैं।
- सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में व्यावसायिक शिक्षा के तहत विद्यार्थियों के लिए 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग शुरू किया गया है।